

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 84 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 22 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## हनुमान जी की भक्ति से भरे सुंदरकांड का पाठ करने उमड़ रहे श्रद्धालुजन

### श्रद्धा और क्ति से प्रतिदिन बालरूप हनुमान मंदिर में हाजिरी दे रहे भक्तगण



सिवनी यशोः- श्रद्धा, भक्ति, आस्था और उपासना के केंद्र के रूप में जन जन के आकर्षण का केंद्र बने हुए बाल रूप हनुमान मंदिर में सावन के इस माह में सुंदरकांड की मनमोहक, भव्य और संगीतमय प्रस्तुति लोगों के मन में भक्ति का नया भाव जागृत कर रही है। लोगों का अटूट विश्वास उनकी सारी मनोकामनाएं भी पूरी कर रहा है संभवत है इसी विश्वास के चलते नगर ही नहीं अपितु जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए भक्तगण भी बढ़-चढ़कर सुंदरकांड पाठ के साथ ही प्रातःकाल होने वाले अभिषेक में भी बड़ी सं या में शामिल हो रहे हैं।

÷सियावर रामचंद्र की जय÷ के उद्घोष के साथ ही पाठ प्रारंभ होने के पूर्व ही भक्तगणों में उत्साह, उमंग, विश्वास, भक्ति और समर्पण का भाव जागृत कर देता है। श्री बालरूप हनुमान मंदिर में सभी आस्था रखने वाले निष्ठावान श्रद्धालु प्रभु श्री जी की शरणागति और आशीर्वाद पाने हेतु सावन के पवित्र माह में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित सुंदरकांड का पाठ करने के लिए नियम से रात्रि 8:00 बजे उपस्थित हो रहें हैं।

मंदिर के पुजारी जी द्वारा सुंदरकांड के पाठ का महत्व बताते हुए कहा गया कि बल,बुद्धि, कृपा,सुख समृद्धि, स्वास्थ्य लाभ बढ़ाने के लिए यह पाठ अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा। यहां विराजे चमत्कारिक मंशापूर्ण बाल रूप हनुमान जी के आशीर्वाद से भक्तगणों के मनोरथ पूरे हो रहे हैं।

पुजारी जी द्वारा कहा गया कि, प्रभु श्रीराम के भक्तशिरोमणि हनुमान जी जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं। सुंदरकांड का पाठ करने से स्वयं, परिजनों,तथा स्नेहीजनों के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहें हैं। भक्तों की एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है।

पुजारी जी द्वारा कहा गया कि, हनुमान जी की सेवा में समर्पित, श्री बाल रूप हनुमान मंदिर समिति, के समयदानी सेवकों सुंदरकांड पाठ मे शामिल श्रद्धालुओं के कंठ में मां सरस्वतीजी की कृपा विराजती है। यही कारण है कि लोग इसके आकर्षण में बंधे हुए इस आयोजन में शामिल होने बरबस ही चले आते हैं।

मंदिर समिति द्वारा सभी ग्राम तथा नगर वासियों से आग्रह करते हुए कहा गया कि, कि आप सभी धार्मिक लाभ पाए और इसे दूसरों को बांटे, बढ़ाए तथा प्रसार करें। मंदिर में प्रतिदिन सुंदरकांड के संगीतमय पाठ व आरती के बाद भक्तों द्वारा प्रभु श्री को अर्पित भांति भांति के विविध व्यंजनों के रूप में फल और मिष्ठानों के साथ प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

## बड़ी सं या में पुलिस निरीक्षको के हुये तबादले

### सिवनी के मिले नये सात पुलिस निरीक्षक और गये 12

सिवनी यशोः- पुलिस मु यालय से जारी स्थानांतरण सूची में प्रदेश के पुलिस निरीक्षको के थोक में तबादले किये गये है । सिवनी, मंडल एवं बालाघाट जिलों से भी स्थानांतरण बडी सं या में किये गये है ।




अधिकांश पुलिस निरीक्षक वे है जो लंबे समय से जिले में थे । चुनाव के पूर्व स्थानांतरण की यह प्रक्रिया की गई है ।

जारी सूची में सिवनी जिले के 12 निरीक्षकों के नाम शामिल है। सभी जिले में लंबे समय से जिले में कार्यरत थे। सभी का अन्य जिलों में स्थानांतरण किया गया है। जबकि अन्य जिलों में कार्यरत सात पुलिस निरीक्षक का स्थानांतरण सिवनी किया गया है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर यह आदेश पुलिस महानिरीक्षक प्रशासन दीपिका सूरी ने जारी किए हैं। जिनका स्थान्तरण हुआ उनमें कार्यवाहक पुलिस निरीक्षक देवकरण डेहरिया, पुलिस निरीक्षक राजन उइके को बैतूल, पुलिस निरीक्षक मनोज गुप्ता को कटनी, कुंवर सिंह मरावी को डिंडौरी, अजय कुमार मरकाम को छिंदवाड़ा, नवीन कुमार जैन को सागर, कार्यवाहक निरीक्षक मदनलाल मरावी को उमरिया, पुलिस निरीक्षक महादेव प्रसाद नागोतिया, रमन सिंह मरकाम, प्रवीण धुर्वे, कार्यवाहक निरीक्षक प्रसन्न शर्मा, शिवदयाल सनोड़िया को जबलपुर भेजा गया है। सिवनी स्थानांतरित किए गए पुलिस निरीक्षकों में चंद्रकिशोर सिरामे, कीरत प्रसाद धुर्वे, सतीश तिवारी, संदिपिका ठाकुर, विजय सिंह परस्ते, लक्ष्मण सिंह झारिया, अनिल पटेल, ओमेश्वर ठाकरे, रमेश प्रसाद गायधने इत्यादि शामिल हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा अब नए निरीक्षकों को उनकी काबलियत के हिसाब से थाने दिए जाएंगे।

## नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो ने मु यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

### 2007 के पश्चात् से कार्यरत् दै0वे0भो0 कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की

सिवनी यशोः- 19 जुलाई को विकास पर्व यात्रा के दौरान मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सिवनी आगमन पर नगरपालिका परिषद सिवनी के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया एवं रोड शो के दौरान मु यमंत्री श्री चौहान को ज्ञापन सौंपा । कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मु यमंत्री जी को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए आग्रह किया कि निकाय में वर्ष 2007 के पश्चात् से कार्यरत् सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जावे। निकाय के कर्मचारियों ने ज्ञापन में मु यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि नगरीय निकाय एक ऐसी संस्था है जहां आम नागरिकों की सभी मूलभूत सुविधाएं निकाय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के माध्यम से ही नागरिको को प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही शासन द्वारा लांच की जाने वाली अनेकों नई योजनाओं का क्रियान्वयन ;ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन भी निकाय के दै.वे.भो. कर्मचारी करते है, जैसे.नगर की सफाई व्यवस्था से लेकर शासन की हर छोटी बडी योजना का कार्य हम कर्मचारियों से लिया जाता है नालों के अंदर जाकर नालों की सफाई, सड़को की सफाईए कूडा उठाना कीचड़ साफ करना, मृत जानवर उठाना, नगर की हर प्रकार की गंदगी साफ करना, नगर में पेयजल सप्लाई प्रदान करना, राशन कार्ड, समग्र आईडी, जन्म.मृत्यु विवाह प्रमाण पत्र प्रदान करना, टीएस बनाना, टेण्डर कार्य, ई.नगर पालिका के समस्त कार्य, लायसेंस, जानवरों को पकडना, विद्युत व्यवस्था, 'मु यमंत्री जी की विभिन्न योजना को घर.घर तक पंहुचाना वर्तमान में, लाडली बहना योजना का लाभ घर.घर तक पहुंचाने का कार्य एवं सभी विभागों से संबंधित लिपिकीय कार्य भी हम कर्मचारियों के द्वारा किया जाता है और किया जा रहा है ।

आपने आगे ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान भी हम कर्मचारियों के द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर लगातार कार्य किया गया है। शासन की सभी योजनाओं को हमारे द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जाता है। इसके पूर्व में शासन द्वारा वर्ष. 2007 तक के दै.वे.भो. कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ प्रदान किया जा चुका है 'किन्तु वर्तमान में लगभग 300 कर्मचारियों ऐसे है जो 15-16 वर्षो से लगातार पूर्ण ईमानदारी से कार्य कर रहे है किन्तु अभी तक उन्हे नियमित नही किया गया है । हम सभी को महीने भर कार्य के बदले मे हमें मात्र 8-10 दस हजार रूपये का मानदेय प्रदान किया जाता है।

प्रदेश के मु यमंत्री जी से गुहार लगाते हुए कर्मचारियों निवेदन किया कि वर्ष 2023 में प्रत्येक वर्ग के कर्मचारियों को कुछ न कुछ दिया है उनकी सभी मांगो को पूर्ण करने का निर्णय लिया है। लेकिन नगरीय निकाय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अभी तक कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ है।

कर्मचारियो ने ज्ञापन में मु यमंत्री जी से मांग की है कि नगरीय निकाय के सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीगण जो 15-16 वर्षो से निरंतर निकाय में अपनी सेवाऐं दे रहे है और मात्र 8-10 हजार रूपये प्रतिमाह वेतन पाकर कार्य कर रहे है उनके हितों की चिंता करते हुए उन्हे नियमित किये जाने का आग्रह कियां है।

## कांग्रेस को ओछी मानसिकता से बाज आना चाहिये - ज्ञानचंद

### नपा अध्यक्ष सीएम का रहे थे स्वागत और कांग्रेस के अनावश्यक विरोध पर भाजपा नेता ने दी प्रतिक्रिया



सिवनी यशोः- विकास पर्व यात्रा के तहत प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सिवनी आगमन पर रोड शो के दौरान सिवनी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शफीक खान ने मु यमंत्री का नगर की ओर से स्वागत करते हुये उन्हें नगर विकास के लिये निरंतर दी जा रही सौगातो के लिये धन्यवाद दिया और आगे भी इसी प्रकार से नगर विकास के लिये सहयोग की अपेक्षा जतायी और कहा कि आपकी सरकार ने बिना भेदभाव के नगर विकास के लिये जो सहयोग किया है उसके लिये सिवनी नगर की ओर से हम आपके आभारी है । सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष के इस आभार प्रगट के भाव का नपा में प्रतिपक्ष के नेता ज्ञान चंद सनोडिया ने धन्यवाद देते हुये कहा है कि इसी प्रकार का भाव जिला कांग्रेस सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं का भी होना चाहिये था और उन्हें मु यमंत्री जी द्वारा जिले के विकास के लिये करोड़ो रूपये की दी जा रही सौगातो के लिये धन्यवाद ज्ञापित करना था केवल विरोध के विरोध करना जनहितैषी मानसिकता नहीं है ।

जिला कांग्रेस ने प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन पर विरोध प्रदर्शन के जो कार्यक्रम बनाये वह कांग्रेस की दूषित मानसिकता को प्रगट करता है । माननीय मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिले को अनेकों सौगाते दी है उनके प्रति कांग्रेस को सहज रहना चाहिये और उनका विरोध कर कांग्रेस आमजनता का अपमान कर रही है । जबकि यही कांग्रेस सिवनी जिले से विकास की योजनाएँ छीनने वाले पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ के स्वागत के लिये पलक पावड़े बिछाये रहती है और विकास की मु यधारा से जोड़ने के लिये सतत प्रत्यनशील प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह का विरोध करती है इस ओछी मानसिकता से कांग्रेस को

## भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस - शिशु मंदिर को भेंट की पानी की टंकी

बंडोल यशोः- गत 18 जुलाई मंगलवार को भारत विकास परिषद ने अपनी स्थापना दिवस के उपलक्ष में सरस्वती शिशु मंदिर बंडोल में 1000 लीटर पानी की टंकी उपलब्ध कराई उपस्थित प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुनील मालू , जिला अध्यक्ष सुबोध बाझल, सचिव डॉ टर गजेंद्र , कोषाध्यक्ष अंकित नाहर, पंकज मालू एवं संस्था के अन्य सदस्य गण भी उपस्थित रहे द्य पानी टंकी की आवश्यकता बताते हुए श्री मालू ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास और बच्चों के शुद्ध जल की व्यवस्था पर उद्बोधन दीया एवं सरस्वती शिशु मंदिर बंडोल के अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने आभार एवं धन्यवाद दिया




## असली किन्नर और नकली किन्नर के बीचें विवाद,पुलिस पहुँची मौके पर

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के छपारा बस स्टैंड में आज असली किन्नरों ने नकली किन्नरों को पीटा। और थाने में शिकायत की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावन के महीने में सिवनी से आई किन्नरों की टोली ने आरोप लगाया की आदेगांव से आए नकली किन्नरों ने बेवजय हमसे लड़ाई किया। और हमारे एरिया में आकर के लोगो के घरों में चोरी करते है। और बदनाम हम असली किन्नर हो रहे है। जिसके बाद असली और नकली किन्नरों के बीच में विवाद शुरू हो गया। वही विवाद की जानकारी मिलने के बाद छपारा पुलिस मौके पर पहुँची। जहाँ सभी किन्नरों को पुलिस वाहन में बेठलकर थाने ले गई। एवं दोनों पक्ष की बातें सुनने सुनी जा रही है। किन्नरों ने बताया कि नकली किन्नर जिले के कई हिस्सों में घूम रहे हैं। और लोगों से अवैध तरीके से पैसा बसूल रहे। जिसके कारण असली किन्नरों की छबि धूमिल हो रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## विधायक की अदूरदर्शी सोच एवं हठधर्मिता के कारण दलसागर तालाब की सुंदरता नष्ट - खुराना

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिला प्रवक्ता जेपीएस तिवारी के माध्यम से जारी विज्ञप्ति में बताया कि पहले इनको टापू की मज़बूती के लिये काम करना था और यह भी तकनीकी रूप से पता करवाना था कि हज़ारों वर्षों पूर्व बना यह टापू मूर्ति की स्थापना की प्रक्रिया को सह भी पायेगा कि नंही और किसी भी परिस्थिति में टापू की नैसर्गिकता एवं स्वरूप को बनाये रखने के लिये केवल मूर्ति को स्थापित करनें हेतु टापू के सुद्रढीकरण के बाद ही बिना तालाब को ख़ाली किये तालाब में अस्थायी पंहुच मार्ग बनाकर मूर्ति को टापू पर पंहुचा कर इस अस्थायी मार्ग को हटा देना था, जिससे टापू की नैसर्गिकता एवं स्वरूप भी बना रहता, और नौका विहार कर लोग राजा दलपत शाह जी की मूर्ति को भी निहारते साथ ही नौकायन के माध्यम से रोज़गार के नये अवसर भी सृजित होते जैसा कि हैदराबाद के हुसैन सागर में किया गया है, किंतु मुनमुन की हठधर्मिता के चलते अब ये टापू, टापू नंही रह जायेगा,` योंकि



इस तक पंहुच मार्ग बना दिया गया और कोई बड़ी बात नंही कि ये टापू अनैतिक गतिविधियों का अड्डा बन कर न रह जाए।

### गंदे पानी को रोकने कोई प्लानिंग नहीं

श्री खुराना ने कहा कि एक ओर जंहा शहर के गंदे पानी के नालों एवं दलसागर के दक्षिण पूर्वी तट पर संचालित सुलभ शौचालय के मल मूत्र को दलसागर में मिलनें से पूरी तरह रोकनें की कोई प्लानिंग नंही की गयी और वंही दूसरी तरफ़ शहर के इन गंदे पानी के नालों के वैनगंगा नदी में मिलनें के पूर्व कोई जल शोधन संयंत्र स्थापित करनें की रूपरेखा बनायी गयी, जिसके कारण हिंदू धर्मावलंबियों को वैनगंगा मे धार्मिक संस्कार करनें में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,` योंकि इस गंदे पानी के कारण वैनगंगा का जल अत्यधिक प्रदूषित हो रहा है ।

### हठधर्मिता के कारण लखनादौन परेशान

यंहा यह उल्लेखनीय है कि मुनमुन की इसी हठधर्मिता के चलते ही लखनादौन वासियों को भी रोटा झील की बाढ़ का दंश झेलना पडा जंहा इनके द्वारा संचालित नगर परिषद नें बिना सोचे समझे कमीशन खोरी के चक्कर मेजल मार्ग को अवरुद्ध करते हुये चौपाटी का निर्माण कर दिया था, और अवरुद्ध हुये जलमार्ग के कारण रोटा झील का पानी पूरे लखनादौन में भर गया था ।

### चहेते ठेकेदार के लिये करा दिया दलसागर खाली

इसी तरह सिवनी के दलसागर सौंदर्यीकरण की निविदा 8 बार बुलाने पर भी कोई निविदा डालनें इसलिए नंही आया कि निविदाकार को तालाब ख़ाली कर काम करने की सुविधा दिये जानें का उल्लेख निविदा में नंही था, किंतु केवल लखनादौन के अपनें चहेते ठेकेदार को काम दिलाने की गरज से मूर्ति लगाने की आड़ में ठेकेदार को सुविधा देनें तालाब ख़ाली करवा दिया और तकनीकी प्रावधानों की आड़ लेकर सी एस आर से 35: ऊँची दरों पर काम देकर शासन को लाखों रुपये का चूना भी लगा दिया ए जबकि यह सर्वविदित है कि बहती नदी में अथवा समुद्र में भी पुल बनाने के लिए उसे रोका या ख़ाली नंही करवाया जाता अपितु अस्थायी व्यवस्था करते हुए निर्माण कर लिया जाता है ।हालाँकि कांग्रेस दलसागर के सौंदर्यीकरण के विरोध में क़तई नंही है, लेकिन विधायक दिनेश मुनमुन राय के भ्रष्ठचार युक्त विकास का विरोध करती है और इसकी उच्च स्तरीय जाँच की माँग करती है, बेहतर ये होता कि नगरपालिका परिषद सौंदर्यीकरण की प्राथमिकता में ग़रीब और सड़क विहीन वार्डों की सड़कों का भी निर्माण कराते और गंदे पानी की निकासी के लिये भी योजना बनाते ।

### जबरन नॉलेज




## न.पा. अध्यक्ष ने किया छात्रो को किया स मानित



सिवनी यशोः- शुक्रवार 21 जुलाई को सिवनी नगर पालिका में नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान एवं सीएमओ आर.के.कुर्वेती ने सिवनी नगर के 02 होनहार छात्र अरविंद सोनी एवं आदर्श तिवारी जिनका इनकम टै स विभाग में चयन हुआ है दोनो ही छात्रो को स मानित किया। विदित होवे कि इन दोनो ही छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से नगरपालिका सिवनी द्वारा संचालित लायब्रेरी में निरंतर अध्ययन कर इनकम टै स विभाग में स्टैनोग्राफर की परीक्षा उत्तीर्ण की एवं आशीर्वाद प्राप्त करने नपा अध्यक्ष से मिलने कार्यालय पहुंचे थे जहां नपाध्यक्ष ने दोनो छात्रों को पुष्पमाला पहनाकर शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका स मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं देते हुए उनकी इस सफलता पर उन्हे बधाई दी। ??

इस अवसर स्वास्थ्य सभापति राजिक अकील, पार्षद जोएब खान, नपा कर्मचारी अखिल मिश्रा, जुगल उइके एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती भारतीय पर पराएं

**लोकेन्द्र सिंह-**

भौतिक विकास के पीछे दौड़ रही दुनिया ने आज जरा ठहरकर सांस ली तो उसे अहसास हुआ कि चमक-धमक के फेर में या कीमत चुकाई जा रही है। आज ऐसा कोई देश नहीं है जो पर्यावरण संकट पर मंथन नहीं कर रहा हो। भारत भी चिंतित है। लेकिन, जहाँ दूसरे देश भौतिक चकाचौंध के लिए अपना सबकुछ लुटा चुके हैं, वहीं भारत के पास आज भी बहुत कुछ बाकि है। पश्चिम के देशों ने प्रकृति को हद से ज्यादा नुकसान पहुंचाया है।

पेड़ काटकर कांक्रीट के जंगल खड़े करते समय उन्हें अंदाजा नहीं था कि इसके या गंभीर परिणाम होंगे? प्रकृति को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए पश्चिम में मजबूत परंपराएं भी नहीं थीं। प्रकृति संरक्षण का कोई संस्कार अखण्ड भारतभूमि को छोड़कर अन्यत्र देखने में नहीं आता है। जबकि सनातन पर पराओं में प्रकृति संरक्षण के सूत्र मौजूद हैं।

हिन्दू धर्म में प्रकृति पूजन को प्रकृति संरक्षण के तौर पर मान्यता है। भारत में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय रिश्ते जोड़े गए हैं। पेड़ की तुलना संतान से की गई है तो नदी को माँ स्वरूप माना गया है। ग्रह-नक्षत्र, पहाड़ और वायु देवरूप माने गए हैं। प्राचीन समय से ही भारत के वैज्ञानिक ऋषि-मुनियों को प्रकृति संरक्षण और मानव के स्वभाव की गहरी जानकारी थी। वे जानते थे कि मानव अपने क्षणिक लाभ के लिए कई मौकों पर गंभीर भूल कर सकता है। अपना ही भारी नुकसान कर सकता है। इसलिए उन्होंने प्रकृति के साथ मानव के संबंध विकसित कर दिए। ताकि मनुष्य को प्रकृति को गंभीर क्षति पहुंचाने से रोका जा सके।

यही कारण है कि प्राचीन काल से ही भारत में प्रकृति के साथ संतुलन करके चलने का महत्वपूर्ण संस्कार है। यह सब होने के बाद भी भारत में भौतिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति पददलित हुई है। लेकिन, यह भी सच है कि यदि ये परंपराएं न होतीं तो भारत की स्थिति भी गहरे संकट के किनारे खड़े किसी पश्चिमी देश की तरह होती। हिन्दू परंपराओं ने कहीं न कहीं प्रकृति का संरक्षण किया है। हिन्दू धर्म का प्रकृति के साथ कितना गहरा रिश्ता है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि दुनिया के सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद का प्रथम मंत्र ही अग्नि की स्तुति में रचा गया है।

हिन्दुत्व वैज्ञानिक जीवन पद्धति है। प्रत्येक हिन्दू पर परा के पीछे कोई न कोई वैज्ञानिक रहस्य छिपा हुआ है। इन रहस्यों को प्रकट करने का कार्य होना चाहिए। हिन्दू धर्म के संबंध में एक बात दुनिया मानती है कि हिन्दू दर्शन %जियो और जीने दो% के सिद्धांत पर आधारित है। यह विशेषता किसी अन्य धर्म में नहीं है।

हिन्दू धर्म का सह अस्तित्व का सिद्धांत ही हिन्दुओं को प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। वैदिक वाङ्मयों में प्रकृति के प्रत्येक अवयव के संरक्षण और स वर्द्धन के निर्देश मिलते हैं। हमारे ऋषि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- %वृक्षाद् वर्षति पर्जन्य-पर्जन्यादन्न स भव-% अर्थात् वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। जंगल को हमारे ऋषि आनंददायक कहते हैं- %अरण्यं ते पृथिवी स्योनमस्तु।%



यही कारण है कि हिन्दू जीवन के चार महत्वपूर्ण आश्रमों में से ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास का सीधा संबंध वनों से ही है। हम कह सकते हैं कि इन्हीं वनों में हमारी सांस्कृतिक विरासत का स वर्द्धन हुआ है। हिन्दू संस्कृति में वृक्ष को देवता मानकर पूजा करने का विधान है। वृक्षों की पूजा करने के विधान के कारण हिन्दू स्वभाव से वृक्षों का संरक्षक हो जाता है। सम्राट विक्रमादित्य और अशोक के शासनकाल में वन की रक्षा सर्वोपरि थी।

चाणे य ने भी आदर्श शासन व्यवस्था में अनिवार्य रूप से अरण्यपालों की नियुक्ति करने की बात कही है। हमारे महर्षि यह भली प्रकार जानते थे कि पेड़ों में भी चेतना होती है। इसलिए उन्हें मनुष्य के समतुल्य माना गया है। ऋग्वेद से लेकर बृहदारण्यकोपनिषद्, पद्मपुराण और मनुस्मृति सहित अन्य वाङ्मयों में इसके संदर्भ मिलते हैं। छान्दोग्यउपनिषद् में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र श्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओतप्रोत होते हैं और मनुष्यों की भाँति सुख-दुःख की अनुभूति करते हैं। हिन्दू दर्शन में एक वृक्ष की मनुष्य के दस पुत्रों से तुलना की गई है-

**%दशकूप समावापी-दशवापी समोहृद-।**
**दशहृद समन्पुत्रो दशपत्र समोद्रुम-।**

घर में तुलसी का पौधा लगाने का आग्रह भी हिन्दू संस्कृति में यों है? यह आज सिद्ध हो गया है। तुलसी का पौधा मनुष्य को सबसे अधिक प्राणवायु ऑ सीजन देता है। तुलसी के पौधे में अनेक औषधिय गुण भी मौजूद हैं। पीपल को देवता मानकर भी उसकी पूजा नियमित इसीलिए की जाती है योंकि वह भी अधिक मात्रा में ऑ सीजन देता है। परिवार की सामान्य गृहिणी भी अपने अबोध बच्चे को समझाती है कि रात में पेड़-पौधे को छूना नहीं चाहिए, वे सो जाते हैं, उन्हें परेशान करना ठीक बात नहीं। वह गृहिणी पर परावश ऐसा करती है। उसे इसका वैज्ञानिक कारण नहीं मालूम।

रात में पेड़ कार्बन डाइ ऑ सीजन छोड़ते हैं, इसलिए गाँव में दिनभर पेड़ की छाँव में बिता देने वाले बच्चे-युवा-बुजुर्ग रात में पेड़ों के नीचे सोते भी नहीं हैं। देवों के देव महादेव तो बिल्व-पत्र और धतूरे से ही प्रसन्न होते हैं। यदि कोई शिवभक्त है तो उसे बिल्वपत्र और धतूरे के पेड़-पौधों की रक्षा करनी ही पड़ेगी। वट पूर्णिमा और आंवला ग्यारस का पर्व मनाना है तो वटवृक्ष और आंवले के पेड़ धरती पर बचाने ही होंगे। सरस्वती को पीले फूल पसंद हैं। धन-स पदा की देवी लक्ष्मी को कमल और गुलाब के फूल से प्रसन्न किया जा सकता है। गणेश दूर्वा से प्रसन्न हो जाते हैं। हिन्दू धर्म के प्रत्येक देवी-देवता भी पशु-पक्षी और पेड़-पौधों से लेकर प्रकृति के विभिन्न अवयवों के संरक्षण का संदेश देते हैं।

जलस्रातों का भी हिन्दू धर्म में बहुत महत्व है। ज्यादातर गाँव-नगर नदी के किनारे पर बसे हैं। ऐसे गाँव जो नदी किनारे नहीं हैं, वहां ग्रामीणों ने तालाब बनाए थे। बिना नदी या ताल के गाँव-नगर के अस्तित्व की कल्पना नहीं है। हिन्दुओं के चार वेदों में से एक अथर्ववेद में बताया गया है कि आवास के समीप शुद्ध जलयुक्त जलाशय होना चाहिए। जल दीर्घायु प्रदायक, कल्याणकारक, सुखमय और प्राणरक्षक होता है। शुद्ध जल के बिना जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जलस्रोतों को बचाए रखने के लिए हमारे ऋषियों ने इन्हें स मान दिया। पूर्वजों ने कल-कल प्रवाहमान सरिता गंगा को ही नहीं वरन सभी जीवनदायनी नदियों को माँ कहा है। हिन्दू धर्म में अनेक अवसर पर नदियों, तालाबों और सागरों की माँ के रूप में उपासना की जाती है। छान्दोग्योपनिषद् में अन्न की अपेक्षा जल को उत्कृष्ट कहा गया है।

महर्षि नारद ने भी कहा है कि पृथ्वी भी मूर्तिमान जल है। अन्तरिक्ष, पर्वत, पशु-पक्षी, देव-मनुष्य, वनस्पति सभी मूर्तिमान जल ही हैं। जल ही ब्रह्मा है। महान ज्ञानी ऋषियों ने धार्मिक परंपराओं से जोड़कर पर्वतों की भी महत्ता स्थापित की है। देश के प्रमुख पर्वत देवताओं के निवास स्थान हैं। अगर पर्वत देवताओं के वासस्थान नहीं होते तो कब के खनन माफिया उन्हें उखाड़ चुके होते। विन्ध्यगिरि महाशक्तियों का वासस्थल है, कैलाश महाशिव की तपोभूमि है। हिमालय को तो भारत का किरीट कहा गया है। महाकवि कालिदास ने %कुमारस भव % में हिमालय की महानता और देवत्व को बताते हुए कहा है- %अस्तुस्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराज-% भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा का विधान इसलिए शुरू कराया था योंकि गोवर्धन पर्वत पर अनेक औषधि के पेड़-पौधे थे, मथुरा के गोपालकों के गोधन के भोजन-पानी का इंतजाम उसी पर्वत पर था। मथुरा-वृन्दावन सहित पूरे देश में दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा धूमधाम से की जाती है।

इसी तरह हमारे महर्षियों ने जीव-जन्तुओं के महत्व को पहचानकर उनकी भी देवरूप में अर्चना की है। मनुष्य और पशु परस्पर एक-दूसरे पर निर्भर हैं। हिन्दू धर्म में गाय, कुत्ता, बिल्ली, चूहा, हाथी, शेर और यहां तक की विषधर नागराज को भी पूजनीय बताया है। प्रत्येक हिन्दू परिवार में पहली रोटी गाय के लिए और आखिरी रोटी कुत्ते के लिए निकाली जाती है। चींटियों को भी बहुत से हिन्दू आटा डालते हैं। चिड़ियों और कौओं के लिए घर की मुंडेर पर दाना-पानी रखा जाता है। पितृपक्ष में तो काक को बाकायदा निमंत्रित करके दाना-पानी खिलाया जाता है।

इन सब पर पराओं के पीछे जीव संरक्षण का संदेश है। हिन्दू गाय को माँ कहता है। उसकी अर्चना करता है। नागपंचमी के दिन नागदेव की पूजा की जाती है। नाग-विष से मनुष्य के लिए प्राणरक्षक औषधियों का निर्माण होता है। नाग पूजन के पीछे का रहस्य ही यह है। हिन्दू धर्म का वैशिष्ट्य है कि वह प्रकृति के संरक्षण की पर परा का जन्मदाता है। हिन्दू संस्कृति में प्रत्येक जीव के कल्याण का भाव है। हिन्दू धर्म के जितने भी त्योहार हैं, वे सब प्रकृति के अनुरूप हैं। मकर संक्रान्ति, वसंत पंचमी, महाशिव रात्रि, होली, नवरात्र, गुड़ी पड़वा, वट पूर्णिमा, ओण , दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा, छठ पूजा, शरद पूर्णिमा, अन्नकूट, देव प्रबोधिनी एकादशी, हरियाली तीज, गंगा दशहरा आदि सब पर्वों में प्रकृति संरक्षण का पुण्य स्मरण है।

## 50 जिलों से होकर गुजरेगी संत रविदास यात्रा, समापन के मौके पर शामिल हो सकते हैं पीएम मोदी

भोपाल। अब आदिवासी वर्ग को साध साधने वाली मध्यप्रदेश की बीजेपी सरकार अब अनुसूचित जाति वर्ग को साधने जा रही है. इसके लिए मध्य प्रदेश में संत रविदास मंदिर निर्माण यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा की शुरुआत 25 जुलाई से होगी, जो 12 अगस्त को सागर पहुंचेगी. यह यात्रा प्रदेश के 50 जिलों से होकर गुजरेगी. बता दें संत रविदास मंदिर निर्माण यात्रा 25 जुलाई को प्रदेश में पांच स्थान से निकलेगी.

यात्रा नीमच, मांडव, सिंगरौली, बालाघाट और श्योपुर से निकलेगी और 12 अगस्त को सागर पहुंचगी. यात्रा के प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं. यात्रा प्रदेश के 50 जिलों से होकर गुजरेगी. यात्रा में संत रविदास जी का चित्र, पादुका एवं कलश रहेगा, जिनका पूजन भी होगा. रथ पर सामाजिक समरसता की सूक्तियां भी उल्लेखित रहेगी.

**एक-एक मुट्ठी और जल होगा एकत्रित**

यात्रा में संत रविदास मंदिर निर्माण के लिए एक मुट्ठी मिट्टी और नदियों का जल एकत्रित किया जाएगा. राज्य सरकार द्वारा यात्रा की व्यवस्थाओं और संचालन के लिए कमेटी बनाई गई है. जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजन समिति द्वारा व्यवस्थाएं की जाएगी. उल्लेखनीय है कि सागर जिले में बढ़तुमा में संत रविदास जी के मंदिर का निर्माण होना है.

**समापन पर आ सकते हैं पीएम मोदी**

संत रविदास को केन्द्र में रखकर प्रदेश भर के 53 हजार गांवों में यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा का उद्देश्य गांव में दलित वर्ग के 10 से 12 लाख लोगों तक पहुंचना है. इस यात्रा की तैयारी में बीजेपी का अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जुटा हुआ है. यात्रा का समापन सागर में होगा. समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आ सकते हैं.

**100 करोड़ की लागत से होगा मंदिर निर्माण**

संत रविदास जयंती पर मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंदिर निर्माण की घोषणा की थी. इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है. मंदिर का भूमिपूजन भी अगस्त माह में किया जाएगा. इस भूमिपूजन कार्यक्रम में बीजेपी के कई बड़े नेता और अनुसूचित जाति वर्ग से ताल्लुक रखने वाले नेता शामिल होंगे.15 फीसदी मतदाता हैं अनुसूचिज जाति वर्ग के मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के लगभग 15 फीसदी मतदाता हैं और कुल 230 विधानसभा सीट में से 35 सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं, वहीं 20 सीट से भी अधिक पर अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाता अपना दखल रखते हैं. यही वजह है कि अब आदिवासी वर्ग के बाद बीजेपी अनुसूचित जाति वर्ग को टारगेट कर रही है.

## `मंदिर के बाहर लै स लगाकर दलितों को प्रवेश से रोका, प्रशासन ने की कार्रवाई

धार। धार के कुक्षी विकासखंड के ग्राम लोहारी के मंदिर के सामने लै स लगाकर दलितों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया गया. इसके विरोध में ग्रामीणों ने बुधवार रात 10 बजे चक्काजाम कर दिया. उनका कहना है दलित समाज के लोगों को मंदिर में जाने से रोका गया है.कुक्षी पुलिस ने ग्रामीणों से चर्चा कर जाम खुलवाने की कोशिश की. लेकिन धरना दे रहे आदिवासी युवाओं के संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने के लिए कहा. प्रशासन ने लै स को तुरंत मंदिर से हटवाया. पुलिस ने लै स लगाने वाले के खिलाफ एससी-एसटी ऐ ट के तहत मामला दर्ज किया है.

इसकी सूचना पाकर मनावर विधायक डॉक्टर हीरालाल अलावा भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों को प्रशासनिक अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया. करीब ढाई घंटे तक चर्चा के बाद




रात करीब 12:30 बजे लोग सड़कों से हटे. पुलिस ने लै स लगाने वाले प्रहलाद विश्वकर्मा के खिलाफ एससी-एसटी ऐ ट में मामला दर्ज किया है.

**या लिखा था लै स पर**

लोहारी गांव में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण तीन माह पहले हुआ है. ग्रामीण यहां रोजाना दर्शन के लिए जाते हैं. बुधवार शाम को एक लै स का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. इस पर लिखा था,"यह मंदिर सार्वजनिक नहीं है. यह संपदा व्यक्तिगत निजी है. ऐसे में विशेष निवेदन है कि हरिजनों का मंदिर में आना स त मना है. धन्यवाद जागिरदार."

**या कहना है विरोध करने वालों का**

जयस कार्यकर्ताओं का कहना था कि किसी की निजी जमीन पर बने मंदिर में समाज भी नहीं जाना चाहता है, लेकिन लै स लगाकर समाज की भावना को आहत किया गया है. आदिवासी देश के मूल निवासी हैं, समाज के लोगों को परेशान करने, प्रताड़ित करने के लिए इस प्रकार की हरकत की गई है.

## पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मासूम बच्चे की हुई मौत, जाँच में जुटी पुलिस

इंदौर। एमआइजी थाना क्षेत्र इंदौर में गार्डन में वाटर रिचार्जिंग के लिए मौजूद खोदे गए गड्ढे में पानी में नहाने के दौरान 14 वर्ष बच्चे की डूबने से मौके पर मौत हो गई पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए भेजा है परिजनों के बयान और पीएम रिपोर्ट के बाद पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

बता दें कि मामला इंदौर के एमआइजी थाना क्षेत्र स्थित प्रेस कंपले स मैं गार्डन में वाटर रिचार्जिंग के लिए खोदे गए 8 फीट गहरे पानी में नहाने गए 14 वर्षीय रेहान पिता मुराद खान की डूबने से मौत हो गई बताया जा रहा है बच्चा नहाने गया हुआ था इस दौरान हादसे का शिकार हो गया।

सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद पुलिस आगे की कार्यवाई की बात कह रही है।

## इंदौर में चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी को बदमाशों ने मारे चाकू, अस्पताल में कराया भर्ती

इंदौर। इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मी पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया. घायल पुलिसकर्मी का नाम रोशन यादव बताया जा रहा है जो कि वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी दो बदमाश चाकू से हमला कर भाग निकले. घायल पुलिसकर्मी को उपचार के लिए शेल्बी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां पुलिसकर्मी का इलाज जारी है.

वहीं घटना की जानकारी मिलते ही टीआई सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया. वहीं आरोपियों की तलाश की जा रही है.

## ग्राम-सभाओं के सशक्तिकरण के प्रभावी प्रयास किए जाएं- पटेल

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि पेसा नियम में ग्राम-सभाओं के सशक्तिकरण के प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम-सभा को पेसा नियम में बहुत अधिक अधिकार प्राप्त हो गए हैं। आवश्यकता है कि विभाग ग्राम-सभाओं को उनके अधिकारों के उपयोग के लिए प्रेरित करें। जनजातीय समुदाय को प्राप्त अधिकारों के उपयोग के लिए सक्षम बनाने के प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिए। शिविर लगाकर जन-जागरण के प्रयास किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। जनजातीय समुदाय को पेसा नियम के तहत मिले सामुदायिक अधिकारों का उपयोग कर विवादों के समाधान प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल गुरूवार को राजभवन में गृह, जेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं किसान-कल्याण तथा कृषि विकास की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव भी उपस्थित थे।

**देश में कृषि अधो-संरचना मद के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश प्रथम**

राज्यपाल श्री पटेल को मंत्री किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बताया कि कृषि अधो-संरचना मद के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपए से अधिक राशि का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश, देश का पहला राज्य है, जहाँ वन-ग्रामों का कृषि बीमा किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से 916 ग्रामों को जोड़ कर एक लाख 36 हज़ार 868 किसानों की फसलों का बीमा कर 67 हज़ार 478 किसानों को 44 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि दलहन, तिलहन उत्पादों के समर्थन मूल्य पर खरीदी व्यवस्था में भी प्रदेश, देश का अग्रणी राज्य है। बताया गया कि प्रदेश में कृषि कार्य योजना बनाकर एकल फसल प्रणाली के स्थान पर फसल विविधीकरण को बढ़ावा देकर कृषकों की आय में वृद्धि के कार्य किए जा रहे हैं। टिकाऊ फसलों के उत्पादन को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित करने के साथ ही हितधारको की क्षमता विकास के प्रयास भी किए जा रहे है। कृषि क्षेत्र में उन्नत




तकनीक के प्रसार और विभिन्न विभागों के साथ कर्न्वजेंस तथा समन्वय के द्वारा संसाधनों के समुचित उपयोग की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है, जिसने सभी प्रमुख फसलों के उपज अनुमान के लिए सेटेलाईट आधारित रिमोट सेसिंग तकनीक का प्रयोग किया गया है। प्रदेश कृषि यंत्रीकरण में देश के औसत से आगे निकल गया है। कृषि कार्य में ड्रोन के उपयोग के लिए भोपाल एवं इंदौर में पायलेट ट्रेनिंग के पाठ्यक्रम संचालित किये गए है। प्रदेश में मिलेट प्रोत्साहन फेडरेशन का गठन किया जा रहा है ताकि मिलेट उत्पादकों को फसल का बेहतर मूल्य मिलें। विशिष्ट मिलेट उत्पादों के जी आई टैग के लिए भी प्रयास कर रहे है। जैविक कपास के बॉय बैक के लिए प्रदेश में शुरूआती दौर में ही 1500 किसानों का उद्योग के साथ सीधा अनुबंध कराया गया है।

**जल जीवन मिशन में प्रदेश के सभी ग्राम कवर हुए**

राज्यपाल श्री पटेल को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान बताया गया कि राज्य के शत-प्रतिशत गाँवों के लिए मिशन अन्तर्गत योजनाएँ स्वीकृत हो गयी है। मिशन में राज्य द्वारा लक्ष्य का 50 प्रतिशत कार्य कर लिया गया है। प्रदेश ने हर घर जल श्रेणी में सर्वाधिक एक करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों का प्रमाणीकरण करा लिया है। राज्य, देश का एक मात्र ऐसा प्रदेश है जिसकी सभी जिला स्तरीय प्रयोगशालाऐं एन.ए.बी.एल प्रमाणीकृत है। मिशन अन्तर्गत स्वच्छ जल से सुरक्षा अभियान में समस्त मापदंडों के अनुरूप जल की गुणवत्ता के नमूनों की जांच करने में राज्य अग्रणी रहा है। विभाग द्वारा सीधी भर्ती के 1363 रिक्त पदों पर 263 पदों की नियुक्ति की जा चुकी है, शेष पदों के लिये भर्ती प्रक्रियाधीन है। बैकलॉग के 71 पदों में से 11 पदों की भर्ती की जा चुकी है, शेष भर्ती प्रक्रियाधीन है।

**पेसा नियम लागू होने पर पंजीकृत अपराधिक प्रकरणों में हुई कमी**

राज्यपाल को गृह विभाग की समीक्षा में बताया कि पेसा नियम 2022 लागू होने के पूर्व और पश्चात पंजीकृत अपराधिक प्रकरणों की तुलनात्मक सं या में अपराध में तीन प्रतिशत तक की कमी परिलक्षित हुई है। बताया गया कि एक वर्ष से कम अवधि के दंड प्रावधान वाले सामान्य प्रवृत्ति के न्यायालय में विचाराधीन अपराधिक प्रकरण वापस लेने की कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण वापसी के संबंध में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जनजातीय वर्ग के व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज अपराधिक प्रकरणों की वापसी के लिए प्राप्त 516 आवेदनों में से 458 प्रकरणों के आदेश जारी हो गये है।

**947 बंदियों की समय पूर्व रिहाई**

राज्यपाल श्री पटेल ने जेल विभाग की समीक्षा भी की। उन्होंने आजीवन कारावास बंदियों के लिए नई रिहाई नीति की सराहना करते हुए राज्य शासन को बधाई दी है। राज्यपाल को बताया गया कि नई नीति में 4 अवसर गणतंत्र दिवस, डॉ.भीमराव अ बेडकर जयंती, स्वतंत्रता दिवस और महात्मा गांधी जयंती पर बंदियो की रिहाई की जा रही है। सित बर 2022 में नीति के लागू होने से अब तक 947 बंदी रिहा किए जा चुके है। इनमें 151 अनुसूचित जनजातीय समुदाय के हैं। आज़ादी के अमृत महोत्सव में 171 बंदी रिहा किए गए है जिनमें 26 अनुसूचित जनजाति वर्ग के है। रिक्त पदों और बैकलॉग पदों की नियुक्ति के संबंध में बताया गया कि बैकलॉग के 44 एवं नवीन नियुक्ति के सीधी भर्ती के 317 विभिन्न पदों पर कर्मचारी चयन मंडल से नियुक्ति की कार्यवाही की गयी है। 35 पदों पर सीधी भर्ती के 23 और बैकलॉग के 12 पदों की नियुक्ति की जा चुकी है। शेष 326 रिक्त पदों की पूर्ति की कार्यवाही प्रचलन में है। बताया गया कि जेलों के बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए 30 जून तक 476 शिविरों का आयोजन किया गया है जिनमें 2 हजार 228 बंदियों को विधिक सहायता से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनजातीय प्रकोष्ठ श्री दीपक खांडेकर, अपर मु य सचिव गृह श्री राजेश राजौरा, अपर मु य सचिव कृषि श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री संजय कुमार शु ला, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, प्रमुख सचिव जेल श्री संजीव कुमार झा, महानिदेशक जेल श्री अरविंद कुमार, विशेष पुलिस महानिदेशक श्री जी.पी. सिंह, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव श्री बी.एस. जामोद और कृषि आयुक्त श्री एम. सेलवेन्द्रन सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## नेशनल लोक अदालत 9 सितंबर

सिवनी यशोः- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सिवनी श्री राजीव एम. आप्टे के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय सिवनी एवं तहसील न्यायालय लखनादौन, घंसौर एवं केवलारी में 09 सितंबर 2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नैशनल लोक अदालत में पूर्ववाद प्रकरणों के अंतर्गत धारा 138 एन.आई.ऐ ट, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल कर एवं अन्य समझौतें योग्य आपराधिक, पारिवारिक तथा सिविल प्रकृति के प्रकरण एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के अंतर्गत समझौते योग्य आपराधिक प्रकरण धारा 138 एन.आई. ऐ ट, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत प्रकरण, वैवाहिक विवाद प्रकरण, भू-अर्जन विवाद प्रकरण, सर्विस मैटर्स, रेवेन्यू प्रकरण (जो केवल जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित हैं) एवं अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

## ग्वालियर की जनता से माफी मांगे प्रियंका गांधी - डॉ. नरोत्तम मिश्रा

भोपाल। मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के ग्वालियर दौरे को लेकर कहा कि 'प्रियंका गांधी ग्वालियर आ रही हैं, उनका स्वागत है, पर प्रियंका गांधी को इस बात का भी जवाब देना चाहिए कि पिछली बार जनादेश लेकर ग्वालियर की जनता की पीठ पर छुरा यों घोंपा? जनता से सरोकार रखने वाले सिंधिया जी के नाम पर वोट मांगे, सिंधिया जी का चेहरा दिखाकर कारोबार से सरोकार रखने वाले कमलनाथ को सीएम` यों बनाया? 84 के सिख दंगों के आरोपी पर इतनी मेहरबानी` यों? प्रियंका गांधी को इन सवालों का जवाब देना ही होगा, आप इन सवालों से बच नहीं सकती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी रानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर जा रही हैं, यह अच्छी बात है पर प्रियंका गांधी को गुरुद्वारा जाकर 84 के सिख दंगों के लिए माफी मांगना चाहिए। प्रियंका गांधी के बगल में बैठे कमलनाथ जी सिख दंगों के दोषी हैं, आपकी दादी परमाणु परीक्षण के समय प्रधानमंत्री थी, तब कमलनाथ जी द्वारा अमेरिका को लीक की गई परमाणु परीक्षण से संबंधित खुफिया जानकारी` या देशद्रोह की श्रेणी में नहीं आती। इसके बाद भी उनको आपका समर्थन` यों है, इसका जवाब देना पड़ेगा। गृहमंत्री डॉ.




नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि राजस्थान में आदिवासी बेटियों के साथ दुष्कर्म हो रहा है, छत्तीसगढ़ में रोजगार की मांग को लेकर दलित, आदिवासी बच्चे निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन कर रहे हैं, कर्नाटक में जहां आपकी ही पार्टी की सरकार है, वहां जैन मुनि की 36 टुकड़े कर हत्या कर दी जाती है, पर आपकी पार्टी दिल्ली तक मौन ` यों है? यह जवाब देना होगा। जनता इस सबके लिए आपको माफ नहीं करेगी, अच्छा होगा कि प्रियंका गांधी मेरे सवालों का जवाब दें। गृहमंत्री ने कहा कि आज जिस शांति स्थली धरा पर आप भाषण दे रही हैं, वहां आपके कुशासन में यहां गड़रिया गैंग और अनके डकैत गैंक का आतंक था। भाजपा सरकार के सुशासन ने ही यहां कानून का राज कायम किया है। आज प्रदेश बदहाली नहीं खुशहाली की ओर बढ़ रहा है।

**परिवारवाद तक सिमटी कांग्रेस ने जनजातीय नायकों को यों नहीं दिया स मान?**

मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनजातीय समाज को ठगने का काम किया है। हमने मध्य प्रदेश के जनजातीय वर्ग को पेसा कानून देकर 20 जिलों के जनजातीय भाई-बहनों को जल, जंगल, जमीन और सांस्कृतिक संवर्धन के अधिकार देकर उनको सशक्त किया है। जनजातीय समाज के हक के काम आपकी सरकारों ने कभी यों नहीं किए? हमें जनजातीय नायकों को उचित स मान देने का गौरव मिला। रानी दुर्गावती, रानी कमलापति, टंट्या मामा, भगवान बिरसा मुंडा, शंकर शाह, रघुनाथ शाह सहित असं य जनजातीय वीरों को मध्य प्रदेश में वह स मान मिला है, जिसके वह असली हकदार थे। आपकी कांग्रेस जो सिर्फ एक परिवार की गाथा को देश की गाथा मानती है, आपने इन असं य असल नायकों को स मान देने का काम` यों नहीं किया? गृहमंत्री ने कहा कि 1993 में ओबीसी समाज से आने वाले श्री सुभाष यादव जी को भी आपके प्रिय दिग्विजय सिंह ने मु यमंत्री नहीं बनने दिया। ऐसे में आपकी पार्टी खुद को कैसे कमजोर और पिछड़ों का नेतृत्व करने का दावा करती है? जबकि आपकी पार्टी ने हमेशा आदिवासियों, महिलाओं और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को शोषित करने का काम किया है।

**भाजपा सरकार ने प्रदेश को बनाया शांति का टापू**

गृहमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश को भाजपा सरकार ने शांति का टापू बनाने का काम किया है। यहां से डकैतों और सिमी का नेटवर्क शिवराज जी के शासनकाल में समाप्त हुआ है। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की जीरो टॉलरेंस की नीति का ही असर है कि उनके बुलडोजर से अपराधी थर-थर कांपते हैं। आपके राजस्थान में आए दिन जनजातीय-दलित भाई-बहनों के साथ अभद्रता, यौन शोषण और हत्याओं के मामले सामने आते हैं, उन पर कठोर कार्रवाइयां आप यों नहीं करते? उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में सीखो कमाओ योजना, मु यमंत्री इंटर्नशिप एवं सरकारी एक लाख रोजगार और रोजगार मेले व खुदे के रोजगार के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। प्रियंका जी आपके कांग्रेस सरकार वाले राज्य राजस्थान में चार साल में 14 पेपर लीक हुए हैं, बच्चों के सपने एवं उ मीदों की हत्या करने वाली आपकी सरकारों पर आप एक भी शब्द यों नहीं कहती हैं?

## जैन आचार्य के हत्यारों को मृत्युदंड दिए जाने छपारा जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस

छपारा यशोः- आज भारत बंद के आवाहन पर छपारा दिगंबर जैन समाज ने जैन आचार्य काम कुमार नंदी जी महाराज की निर्मम हत्या किए जाने एवं हत्यारों को शीघ्र पकड़कर मृत्युदंड दिए जाने की मांग को लेकर आज सुबह 11=30 से एक विशाल मौन जुलूस निकाला गया जो झंडा चौक मेन रोड होते हुए बस स्टैंड पहुंचकर वापिस जैन मंदिर में समाप्त हुआ जुलूस में बड़ी सं या में समाज के महिला पुरुष एवं बच्चे स मिलित थे सभी ने विरोध स्वरूप काली पट्टी लगाए हुई थी

ज्ञातव्य हो कि इसके पूर्वा जैन समाज का एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा माननीय तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जा चुका है जिसमें हत्यारों को शीघ्र पकड़कर मृत्युदंड दिए जाने एवं इसके पश्चात इस प्रकार की कोई घटना ना हो एवं पूरे देश में साधु-संतों मुनीराजो की पूर्ण सुरक्षा की मांग की गई है

## भारत विकास परिषद ने सरस्वती शिशु मंदिर बंडोल को उपलब्ध कराई पानी टंकी



बंडोल यशोः- विगत दिवस 18 जुलाई दिन मंगलवार को भारत विकास परिषद ने अपनी स्थापना दिवस के उपलक्ष में सरस्वती शिशु मंदिर बंडोल में 1000 लीटर पानी की टंकी उपलब्ध कराई उपस्थित प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुनील मालू जी, जिला अध्यक्ष सुबोध बाझल, सचिव डॉ टर गजेंद्र , कोषाध्यक्ष अंकित नाहर जी, पंकज मालू जी एवं संस्था के अन्य सदस्य गण भी उपस्थित रहे , पानी टंकी की आवश्यकता बताते हुए मालू जी ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास और बच्चों के शुद्ध जल की व्यवस्था पर उद्बोधन दीया एवं सरस्वती शिशु मंदिर बंडोल के अध्यक्ष महेश अग्रवाल जी ने आभार एवं धन्यवाद दिया

## गांव के व्यक्तियों को शासन की योजनाओं से जोड़ना हमारा कर्तव्य- सौरभ शु ला




केवलारी यशोः- जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के चलते विकास खंड केवलारी के बी आर सी भवन जनपद पंचायत केवलारी में प्रस्फुटन समितियों नवांकुर संस्थाओं एवं मेंटर्स की से टर स्तरीय समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें श्री सौरभ शु ला जिला समन्वयक म प्र जन अभियान परिषद सिवनी द्वारा समितियो के पूर्व में किए गए कार्यो की समीक्षा एवम् अगामी कार्यो पर विस्तृत चर्चा हुई । संत रविदास जी के मन्दिर निर्माण हेतु यात्रा संबंधित तैयारी हेतु मार्गदर्शन किया।उक्त अवसर पर जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक अशोक बैन्द्रे मेंटर्स राधेश्याम बदेवार बालक राम डेहरिया कलावती ठाकुर रामकृष्ण डेहरिया नवांकुर संस्था से अशोक बदेवार मोतीराम हरदुआ नॉन बाई जंघेला सावरा खान राहुल चक्रवर्ती सहित ब्लॉक के समस्त प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## टीकाकरण एवं गर्भवती माताओं की जांच के लिए ग्राम बरखो पहुंची एएनएम माया डोंगरे

**मानव सेवा की भावना एवं अपने कर्त्तव्य के प्रति गंभीर होकर कार्य करने की लगन विपरीत परिस्थितियों में हार नहीं मानने देती है। स्वास्थ्य विभाग की एएनएम माया डोंगरे भी ऐसी ही एक कर्तव्य परायण कर्मचारी है।**



बालाघाट। विपरीत परिस्थितियों में टीकाकरण एवं गर्भवतीमाताओं की जांच के लिए ग्राम बरखो पहुंची एएनएम माया डोंगरे मानव सेवा की भावना एवं अपने कर्त्तव्य के प्रति गंभीर होकर कार्य करने की लगन विपरीत परिस्थितियों में हार नहीं मानने देती है। स्वास्थ्य विभाग की एएनएम माया डोंगरे भी ऐसी ही एक कर्त्तव्य परायण कर्मचारी है। जिन्होंने नदी में पानी होने के बाद भी उसे पार कर दूसरी ओर के ग्राम बरखो में बच?चों के टीकाकरण के लिए पहुंच कर अपना कर्त्तव्य निभाया है। बालाघाट जिले के सीएचसी लामता ब्लॉक के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र मोहगांव से टर के चांगोटोला में पदस्थ एएनएम श्रीमती माया डोंगरे को 18 जुलाई को राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत टीकाकरण कार्य के लिये ग्राम बरखो में बच्चों के टीकाकरण के लिए जाना था। लेकिन रास्ते में मानकुंवर नदी की पुलिया बाढ़ में बह जाने के कारण पुलिया से आवागमन बंद था और इस कारण से उसे ग्राम बरखो पहुंचना मुश्किल लग रहा था। लेकिन उसके लिए बच्चों का समय पर टीकाकरण करना बड़ी जि मेदारी थी। एएनएम माया डोंगरे ने नदी घाट जाकर देखा कि वह सुरक्षित नदी पर कर लेगी तो वह नदी में अपना सामान लेकर उतर गई और ग्राम बरखो पहुंची और अपना कार्य किया। इस दौरान माया डोंगरे द्वारा ग्राम बरखो में गर्भवती माताओं की जांच की गई और 0-5 वर्ष के बच्चों के स्वास्थ्य जांच में अपनी सेवाएं दी गई। माया डोंगरे ने बरखों में 01 गर्भवती महिला की एनसी. प्रथम जांच की एवं टीडी. प्रथम डोज दिया, 01 महि गर्भवती महिला की द्वितीय जांच एवं 01 गर्भवती महिला की तृतीय जांच की। इसी प्रकार बच्चों को पेन्टा + पोलियो रोटावायरस द्वितिय डोज 2 लगाया गया। माया डोंगरे द्वारा ग्राम बरखों में दस्तक अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों में 15 को विटामिन ए की खुराक पिलायी गयी एवं 19 बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया।मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय ने बताया कि एएनएम माया डोंगरे द्वारा मानकुंवर नदी पार ग्राम बरखो पहुंचकर वहां के लोगों को स्वास्थ्य सेवायें देने में अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि मैदान स्तर पर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्त्?ताओं को स त निर्देश दिये गये है कि वर्षा के दिनों में नदी-नाले पार करते समय अपनी जान जोखिम में ना डालें।

## तेजी से आगे बढ़ते मध्यप्रदेश का उत्सव है विकास पर्व - मु यमंत्री चौहान

**हमारी सरकार ने विकास का नया इतिहास रचा**

**मु यमंत्री चौहान ने मीडिया प्रतिनिधियों से की चर्चा**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है इसलिए हम विकास पर्व मना रहे हैं। हमारी सरकार ने प्रदेश में विकास का एक नया इतिहास रचा है। वर्ष 2003 के पहले जहाँ मध्यप्रदेश में एक लाख किलोमीटर टूटी-फूटी सड़कें हुआ करती थीं, वहीं आज 4 लाख 11 हजार किलोमीटर अच्छी सड़कें बनाकर प्रदेश की जनता को सौंपी गई हैं। प्रदेश में अब अटल ऐ सप्रेस-वे, विंध्य ऐ सप्रेस-वे, नर्मदा ऐ सप्रेस-वे जैसे नए मार्गों का काम शुरू करने की तैयारी हो रही है। मु यमंत्री श्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।

**ग्रामीण हो या शहरी विकास, प्रदेश में सभी क्षेत्रों में प्रगति**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की सिंचाई क्षमता पहले साढ़े 7 लाख हे टेयर थी, जिसे बढ़ाकर 47 लाख हे टेयर किया गया है। नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी निरंतर जारी है। प्रतिदिन प्रदेश में हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा हैं। पहले बिजली की उपलब्धता 2800 मेगावाट हुआ करती थी, अब 28 हजार मेगावाट बिजली बनाई जा रही है। ग्रामीण विकास हो या शहरी सभी दिशाओं में प्रगति है। प्रदेश में सीएम राइज स्कूल के भवन बन रहे है, प्रदेश में मेडिकल कॉलेज जहां 5 हुआ करते थे, अब 25 हो गए हैं। ये मेडिकल कॉलेज या तो बन रहे हैं या स्वीकृत हो गए हैं। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, ग्लोबल स्किल पार्क, मेट्रो, मॉडल आईटीआई भवनों के निर्माण में रूप में विकास के कार्य चौतरफा पूरी गति से चल रहे हैं।

**प्रदेश की जीएसडीपी का आकार 15 लाख करोड़ रुपये के आसपास**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुझे बताते हुए हर्ष है कि प्रदेश की ग्रोथ रेट, जो कभी माइनस में हुआ करती थी, वह अब 16 प्रतिशत से ऊपर है। मुझे बताते हुए गर्व है कि मध्यप्रदेश ने लगातार एक दशक से 18 प्रतिशत एग्रीकल्चर ग्रोथ रेट हासिल की है। वर्ष 2003 तक जहाँ 100 मीट्रिक अन्न का उत्पादन होता था, आज मध्यप्रदेश में 700 मीट्रिक टन अन्न उत्पादन हो रहा है। पहले पर कैपिटा इन्कम 11 हजार रुपये हुआ करती थी, आज यह 1 लाख 40 हजार रुपये हो गई है। अगर जीएसडीपी का आकार देखें तो कभी यह 71 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुँच गया है। देश की जीएसडीपी में मध्यप्रदेश का योगदान पहले केवल 3 प्रतिशत के आसपास हुआ करता था, जो अब 4.6 प्रतिशत हो गया है।

## न्यायालय परिसर को यथावत स्थान पर रखे जाने की अधिवक्ता संघ ने की मांग

**शिवराज सिंह को सौपा ज्ञापन**

सिवनी यशोः- जिला अधिवक्ता संघ नए न्यायालय परिसर के लिए शासन द्वारा भूमि स्थल शहर से करीब दस किलोमीटर दूर मंडी के पास ग्राम सिमरिया में चयनित किये जाने को लेकर काफी रोष में है,नाराज अधिवक्ताओं ने बताया कि वे इस विषय को लेकर सभी तरफ के प्रशासनिक प्रयास कर चुके है,यदि उनकी समस्या पर शीघ्र विचार नही किया गया तो वे कठोर आंदोलन की राह पर चल पड़ेंगे जिसका जि मेदार सिर्फ और सिर्फ शासन होगा, वकीलों का कहना है कि जिस प्रकार पुराने कले ट्रेट परिसर को ध्वस्त कर नया परिसर विकसित किया जा रहा है ठीक उसी तरह न्यायालय की पुरानी व उसके आसपास की पुरानी शासकीय इमारतों को ध्वस्त कर नया न्यायालय परिसर इसी स्थान पर विकसित किया जा सकता है पर शहर से दस किलोमीटर दूर नया परिसर विकसित करना न सिर्फ पैसों की बरबादी है बल्कि वकीलों के साथ साथ मुकदमों के फरियादियों,महिला वकीलों ओर मुल्जिमों को पेश करने वाले पुलिसकर्मियों सबके लिए परेशानियों को बढ़ाने वाला फैसला साबित होगा,

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के सचिव अधिवक्ता दादू निखलेंद्र सिंह ने बताया किबीते दिन सिवनी आये प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले को रोककर अधिवक्ता संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन पत्र सौपकर उनसे इस विषय पर शीघ्रता से पुनर्विचार करने की बात करते हुए वकीलों को आंदोलन के लिए बाध्य नहीं किए जाने की बात कही जिसपर मु यमंत्री द्वारा शीघ्रता से कार्यवाही करने का आश्वासन अधिवक्ता संघ सिवनी को दिया गया है।

## 20 जुलाई से 25 जुलाई तक भारी बारिश

भोपाल। मध्यप्रदेश में 20 जुलाई से 25 जुलाई तक बहुत भारी बारिश सहित महाराष्ट्र के विदर्भ उपकरणों छत्तीसगढ़ में 25 जुलाई तक भारी बारिश की गतिविधि जारी रहने वाली है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को खराब मौसम के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवधि के दौरान भोपाल, इंदौर, नागपुर जैसे शहरों में भारी बारिश देखने को मिल सकती है। वहीं रायपुर में आंधी और धूल भरी आंधी सहित बारिश की चेतावनी जारी की गई है। तापमान में भी गिरावट देखने को मिल सकती है दो से तीन फीसदी की गिरावट के साथ सामान्य तापमान में कमी आएगी।

## कृषि क्षेत्र, आज भी गाँव में रोजगार का सबसे सशक्त साधन -कृषि मंत्री

**कृषि उद्यानिकी तकनीक की प्रथम राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस भोपाल में हुई**

भोपाल। किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए किसान समर्पण भाव से परिश्रम कर रहा है। आज भी गाँव में कृषि ही रोजगार का सबसे सशक्त और प्रभावी साधन है। मंत्री श्री पटेल कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आईएफसी की कृषि उद्यानिकी तकनीक प्रथम राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आशा जताई कि आज की कॉन्फ्रेंस में किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आय को बढ़ाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर होने वाली चर्चा के सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। कॉन्फ्रेंस में फूड प्रोसेसिंग एण्ड मशिनरी, मार्केटिंग लिंकेज, नर्सरी डेवलपमेंट, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट और मॉडर्न टे नोलॉजी (इक्विपमेंट एवं टूलस एण्ड इनोवेशन्स) चर्चा के लिए विभिन्न सत्र आयोजित किए गए।

कॉन्फ्रेंस में एसीएस उद्यानिकी श्री जे.एन. कंसोटिया, एसीएस कृषि श्री अशोक वर्णवाल, सचिव एमएसएमई श्री पी.नरहरी, सीईओ एनआरएलएम श्री एलएम बेलवाल, संचालक उद्यानिकी श्रीमती निधि निवेदिता, ऐग-टेक सोल्यूशन कंपनीज, कृषि वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी, प्रगतिशील कृषक, विषय-विशेषज्ञ सहित उद्यान अधिकारी एवं तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा।

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से मंत्री श्री पटेल ने कॉन्फ्रेंस में मौजूद सभी प्रतिभागियों का स्वागत और अभिनदंन करते हुए कहा कि भारत भूमि पूण्य भूमि है। यह देश किसानों का है। किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निश्चित ही कॉन्फ्रेंस बहुउपयोगी होगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मु यमंत्री श्री चौहान ने किसानों की चिंता करते हुए किसान कल्याण की ऐसी योजनाएँ क्रियान्वित की है, जिनका सीधा आर्थिक लाभ किसानों को मिल रहा है।

मंत्री श्री पटेन ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जा रहा है। जिससे किसानों को साहूकारों के कर्ज से मुक्ति मिली है। प्रदेश देश में कृषि अधोसंरचना मद (एआईएफ) में 4 हजार करोड़ रूपये की राशि किसान हित में व्यय कर प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में चना, मसूर, सरसों का उपार्जन गेहूँ के साथ कर किसानों को हजारों करोड़ रूपये से लाभांवित किया है। प्रदेश की मंडियों में प्रतिदिन उपार्जन की क्षमता को बढ़ाया गया है, जिससे किसानों के मंडी में बार-बार आने से धन एवं समय के अपव्यय को रोकने में मदद मिली है। इसका सीधा लाभ किसानों की आमदनी पर हुआ है।

**उद्योग लगाने का किया आवाहन**

मंत्री श्री पटेल ने कॉन्फ्रेंस में शामिल देशभर के प्रतिभागियों से आवाहन किया कि वे मध्यप्रदेश में कृषि संवद्ध उद्योग लगायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भूमि उपजाउ, बेहतर जलवायु, सिंचाई की भरपुर सुविधा, बिजली की पर्याप्त उपलब्धता है। जिसमें राज्य शासन का पूरा-पूरा सहयोग रहेगा।

**कृषि मंत्री ने प्रतिभागियों से की चर्चा**

मंत्री श्री पटेल ने कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ सत्र के समापन पर प्रतिभागियों से टेबल-टू-टेबल जाकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने उद्यानिकी उत्पादों के प्र-संस्करण के क्षेत्र में संभावनाओं से अवगत करते हुए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सभी का आश्वस्त किया कि उन्हें राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद की जायेगी।

## दिव्यांग बच्चो हेतु चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन



कुरई यशोः- जनपद शिक्षा केन्द्र कुरई में दिनांक 20 जुलाई को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा 08 तक के दिव्यांग बच्चों हेतु चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभार भ सहायक परियोजना समन्वयक आईईडी रीश बर्मन, बीआरसीसी डीएस राहंगडाले द्वारा किया गया। शिविर में 21 प्रकार की दिव्यांगता जैसे- अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, एवं बौद्धिक दिव्यांकगता आदि वाले कुल 132 दिव्यांनग हितग्राहियों का पंजीयन एवं मूल्यांबकन किया गया एवं शिविर स्थल पर ही प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय सिवनी से विशेषज्ञ टीम डॉ टरों द्वारा बच्चों को जांच उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये गये। एलि की जबलपुर एवं साईड सेवर संस्था भोपाल द्वारा बच्चोंा के चिन्हांकन उपरांत आवश्यक उपकरण प्रस्तावित किये गये। शिविर का सुचारू रूप से संचालन बीएसी एच.एस.बिसेन, श्यामसिंह इनवाती, नितिन बघेल, एम.आई.एस. समन्वयक आशीष बंशकार एवं एमआरसी ओमप्रकाश कावडे एवं ईखलेश चौरागडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त जनशिक्षकों शिक्षकों एवं कार्यालय के कर्मचारी श्री सफीक खान लेखापाल एवं समस्तं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। शिविर स्तर पर दिव्यांग बच्चों एवं पालकों को दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी एमआरसी द्वारा दी गयी। कार्यक्रम का समापन जनपद पंचायत अध्यएक्ष लोचन सिंह मर्सकोले द्वारा किया गया।

## 60 नहीं 100 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर हो मध्यान्ह भोजन का भुगतान

मंडला यशोः- प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ मध्य प्रदेश जिला इकाई मंडला के तत्वाधान में 20 जुलाई को मु यमंत्री के नाम कले टर द्वारा ज्ञापन सौंपा गया जिसमें समूह की 12 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्राथमिक शाला में 5.45 से बढ़ाकर 10 रुपए तथा माध्यमिक शाला में 8 .17 से बढ़ाकर 15 रुपए किया जाए और भोजन पकाने वाली रसोइयों की राशि दो हजार से बढ़ाकर 6000 प्रति माह किया जाए और मध्यान भोजन के अंतर्गत स्व सहायता समूह को वर्तमान में लागत राशि 60 प्रतिशत की दर से भुगतान किया जा रहा है हमारी मांगे हैं कि स्कूल में दर्ज छात्र सं या अनुसार सौ पर्सेंट के मान से भुगतान किया जाए शासन प्रशासन द्वारा हमारी मांगे यदि नहीं मांगी जाती है तो प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में मध्यान भोजन सांझा चूल्हा का कार्य 1 अगस्त 2023 से बंद किया जाएगा इसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## एमपी वनमित्र पोर्टल पर नवीन दावों के निराकरण की सुविधा

मंडला यशोः- सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 नियम 2008 के अंतर्गत पूर्व के निरस्त दावों का पुनः परीक्षण कर निराकरण की कार्यवाही एमपी वनमित्र पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। एमपी वनमित्र पोर्टल पर नवीन दावों के निराकरण की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी जो वनाधिकार की पात्रता रखते हैं वे एमपी वनमित्र पोर्टल पर उपलब्ध नए मोड्यूल का उपयोग करते हुए वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत नवीन दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

## शिवांशी के होठों पर आई मुस्कान

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हुआ ऑपरेशन

मंडला यशोः- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विकासखंड निवास के ग्राम खमरिया माल निवासी शिवांशी का सफल ऑपरेशन हुआ। शिवांशी के पिता ब्रजमोहन बताते हैं कि शिवांशी का होंठ जन्म से ही कटा था एवं तालू फटा हुआ था। ब्रजमोहन कहते हैं कि शिवांशी के इलाज के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र में आरबीएसके की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉ टर द्वारा मेरे परिवार को समझाईश दी गई एवं कहा कि शिवांशी जल्द ठीक हो जाएगी। ऑपरेशन के बाद मेरी बेटी अब पूर्णतः ठीक है। परिवार भी खुश है। मैं और मेरा परिवार शासन-प्रशासन एवं आरबीएसके की टीम को धन्यवाद देता है।

## वर्षा ऋतु के दौरान निर्मित गड्ढों के सुधार कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

मंडला यशोः- ईईपीडब्ल्यूडी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग मण्डला के अधीन मार्गों एवं पुल/पुलियों में वर्षा ऋतु के दौरान निर्मित गड्ढों के सुधार कार्य हेतु अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग संजय सिंह द्विवेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आमजन मार्गों एवं पुल/पुलियों में सुधार कार्य से संबंधित शिकायतें व सुझाव के लिए संजय सिंह द्विवेदी के मो0नं0 9425165091 से स पर्क कर सकते हैं।

# मणिपुर में महिलाओं के साथ घृणितकृत सहित अन्य अपमानजनक घटनाओं का कांग्रेस ने किया विरोध

### मुंह में काली पट्टी बांध कर कैंडिल मार्च निकाला




सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा मणिपुर में महिलाओं के साथ किया गया घृणितकृत्य, कर्नाटक में जैन मुनि की नृशंस हत्या एवं सिवनी में मु यमंत्री के कार्यक्रम में महिलाओं के साथ की गई अश्लीलता एवं अभद्रता के विरोध में मुँह में काली पट्टी बॉधकर हाथ में कैंडिल लेकर मार्च निकाला गया। जो कि नगरपालिका चैक से नेहरू रोड़ होते हुए शुक्रवारी चैक पंहुचकर मणिपुर में हुई एवं जैन मुनि की हुई हत्या, सिवनी जिले के घंसौर में 8 वर्षीय बालिका की हत्या के लिए मौन रखा गया।

पत्रकारो से बात करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि मणिपुर में चुनाव के पूर्व मोदी जी ने कहा था कि मणिपुर को दंगा मुक्त रखना है तो भाजपा को वोट दो लगभग 80 दिनों से मणिपुर दंगे की चपेट में है कानून व्यवस्था नाम की वहाँ कोई चीज नहीं है अनेक लोगो की हत्या की जा चुकी है, महिलाओं को निर्वस्त्र कर बलात्कार किये जा रहें है देश के प्रधानमंत्री अमेरिका, फ्रांस, यूऐई विदेश घूमने में मस्त है। पूरे देश में मणिपुर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है मोदी जी ने मात्र 36 सैकेंड मणिपुर के बारे में कहा, उसमें भी कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ और राजस्थान की कानून व्यवस्था के बारे में कहा। जैन मुनियों के नृशंस हत्यारों को भी फांसी दी जानी चाहिए, मणिपुर की घटना सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है इसी बीच मु यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के सिवनी आगमन पर प्रायवेट बस स्टेंड लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने मु यमंत्री के स्वागत के लिए लखनादौन से बुलाई गई आंगनवाडी, आशा-उषा महिला कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने अश्लीलता, अभद्रता की, जिसकी शिकायत जिला कले टर और जिला महिला बाल विकास से की, सत्ता के दबाव में दोषियों पर अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। सिवनी जिले के घंसौर में भी 8 वर्षीय बालिका के साथ ज्यादतीकर उसकी हत्या कर दी गई, भाजपा सिर्फ बेटी बचाओं का दिखावा करती है भाजपा के शासन में सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियॉ और महिलाएँ ही है।

कैडिल मार्च में जिला प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह बल्लू बघेल, जिला संगठनमंत्री एड. पंकज शर्मा, मोहनसिंह चंदेल, नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान, विष्णु करोसिया, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति चित्रलेखा शाह नेताम, श्रीमति ललिता बघेल, श्रीमति सुयोगिता से सेना, श्रीमति गीता तिवारी, श्रीमति रानी पारासर, श्रीमति रजनी अग्रवाल, श्रीमति पवनरेखा रिनायत, जेपीएस तिवारी, विजय नाहटा, पवन दिवाकर, सुरेन्द्र करोसिया, अतुलचंद मालू, राजिक अकील, दीवान आजम अली, पियूष शाह, राजेश मानाठाकुर, सुमित मिश्रा, एड. अवि यादव, कन्हैया तिवारी, शिबू सेंगर, नब्बू भाई, जोएब जकी अनवर खान, विजेन्द्र करोसिया, राजेन्द्र नामदेव, इब्राहिम खान, राकेश अग्रवाल, नितिन शु ला, राजा मुबीन, जिब्राईल अंसारी, रामकिशोर बघेल, शैलेन्द्र हरिन्द्रवार, देवधर से सेना, विजय उइके, दुपेन्द्र अमुले, जितेन्द्र सनोडिया, महमूद भाई, शाहिद रानू, सुजीत गोदरे, प्रवेश बाबू भालोटिया, मोन्टू भूरा, अंशुल अवस्थी, संदेश तिव्हन, सुशील ठाकुर, गेंदलाल भलावी, विनोद यादव, विपिन यादव, टिकेन्द्र देशमुख, अर्जुन बिसेन, राजू सनोडिया, नेमचंद जैन, पंडित लोकेश शु ला, अप्पू ठाकुर, मिर्जा तौसीर बेग, आबिद खान, मिर्जा फैसल बेग, सलीम पत्तेवाले, विनोद नाग, मोहसिन खान, जयप्रकाश परिहार, नितिन बघेले, दिलीप दयारामानी, राजेन्द्र ठाकुर, जितेन्द्र बघेल, कफिल खान, रामानसिंह बघेल सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

## छत से गिरा व्यक्ति,पैर में घुसी लोहे की रोड,गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती बिलन्दा ग्राम की घटना

सिवनी यशोः- सिवनी जिला चिकित्सालय में एक व्यक्ति को रात्रि के समय भर्ती किया गया है। जिसके पैर में लोहे को रॉड घुसी हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलन्दा ग्राम में एक व्यक्ति अपनी छत पर काम कर रहा था। जहां काम करते वक्त वह नीचे गिर गया। जिस जगह वह गिरा वहां लोहे की रॉड लगी हुई थी। जो उसके घुटने के ऊपर जांघ में घुस गई। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर हालत में परिजनों ने इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी में लाया। जहां डॉ टरों ने उसकी जांघ से लोहे की रॉड निकाली और उसका ऐ सरे कराया। साथी ही उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। घायल के साथ आये लोगो ने बताया कि गनीमत थी की हादसे में घायल रविकांत शर्मा उम्र 55 वर्ष के जांघ में लोहे की रॉड घुसी। यदि सीने या और कहीं यह रॉड घुसती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल व्यक्ति का उपचार जारी है।

## अपर सचिव ने सीएम राइस विद्यालय छपारा, एकीकृत हाईस्कूल तथा कन्या आश्रम देवगांव का किया निरीक्षण



सिवनी यशोः- वर्तमान शिक्षण सत्र 2023-24 में भारत शासन के 'स्कूल चलें हम अभियान' अंतर्गत म.प्र. शासन एवं मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह के निर्देशानुसार संचालित 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम के तहत विगत दिवस श्री गोपाल चन्द्र डांड अपर सचिव म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक कल्याण तथा संचालक घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु जनजाति का विकासखंड छपारा में दौरा हुआ। अपर सचिव श्री डाड द्वारा सी एम राइस विद्यालय छपारा, एकीकृत हाईस्कूल देवगांव तथा कन्या आश्रम देवगांव का भ्रमण किया गया। अपने भ्रमण व निरीक्षण के दौरान सभी संस्था प्रमुखों एवं कार्यरत अन्य कर्मचारियों से चर्चा व समीक्षा की गई। साथ ही शालाओं में उपस्थित छात्र - छात्राओं से बातचीत करते हुए उनका मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन भी किया। अपर सचिव श्री डाड ने सीएम राइज विद्यालय की परिकल्पना एवं निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया उसके उपरांत उन्होंने एकीकृत हाईस्कूल देवगांव एवं कन्या आश्रम देवगांव में बच्चों की कक्षाओं में पहुंचकर उनसे विषयगत अध्ययन पर प्रश्नोत्तर, चर्चा एवं अध्यापन/निर्देशन का कार्य भी किया। अपर सचिव महोदय द्वारा बच्चों के लिए भवन, साइकिल स्टैंड, शौचालय, लैब आदि का निरीक्षण करते हुए संबंधित ठेकेदार एवं इंजीनियर से विस्तार से चर्चा कर निर्देश एवं सुझाव भी दिए गए। इन सभी विद्यालयों के विगत सत्र के अध्ययन - अध्यापन, परीक्षाफल, पोषण आहार निर्माण, उपलब्धता और रखरखाव की पूरी जानकारी लेकर उसकी समीक्षा कर संतोष व्यक्त किया साथ ही साथ इनकी निरंतरता बनाये रखने एवं उत्कृष्टता प्राप्ति हेतु निर्देश व सुझाव भी प्रदान किये। अपर सचिव महोदय के भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी से जिला परियोजना समन्वयक महेश बघेल भी उनके साथ उपस्थित रहे। प्राचार्य महेश रहमतकर, बीआरसीसी गोविन्द उईके, बीएसी राकेश तिवारी, मंजूलाल इनवाती ने भी आयुक्त महोदय के समक्ष अपनी उपस्थित दी।

## परिवार परामर्श केन्द्र में 5 प्रकरणों में हुआ समझौता

सिवनी यशोः- कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श केंद्र में शुक्रवार को 15 प्रकरण रखे थे। जिसमें 5 प्रकरणों में समझौता हुआ। परामर्श केंद्र प्रभारी में ज्योति चौरसिया, काउंसलर छिददी श्रीवास व मीरा नामदेव, हेड कांस्टेबल गोपाल बघेल उपस्थित थे।

यहाँ आए एक प्रकरण में सिवनी और लखनादौन के पति पत्नी का मामला आया। पत्नी नौकरी करती है, उसकी गांव में शादी हुई है। पति भी बिजनेस करता है। पढ़ा लिखा है। पत्नी का कहना है कि वह अब गांव में नहीं रहना चाहती। एक बेटी है। पति और परिवार सहित एक जगह स्थाई रूप से रहें, ताकि परिवार का पालन पोषण होता रहे और एक साथ परिवार रहे। दोनों को समझाइश दी गई। दोनों की सहमति से समझौता हुआ पति पत्नी एक साथ रहने को सहमत हूं समझौता हुआ।

दूसरे प्रकरण में इकलौता बेटा खेती बाड़ी करता है। उसको परेशान करते हैं। बोलते हैं दहेज की मांग करते हैं। हाथ की नस काट लेने की धमकी देती है। उसकी हरकतों से दोनों को समझाया गया।

## 2 अगस्त तक जमा होंगे मु यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के आवेदन

मंडला यशोः- कले टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मु यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के लिए 2 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों (महिलाओं के लिए 2 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता नहीं हैं, को तीर्थ स्थानों में से एक या युग्म तीर्थों की यात्रा मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 2 अगस्त 2023 से 15 अ टूबर 2023 तक यात्रा कराई जा रही है। तीर्थ यात्रा के अंतर्गत 18 अगस्त 2023 को मण्डला जिले हेतु काशी (वाराणसी) की यात्रा कराई जानी है। इस संबंध में संबंधित निकायों में 2 अगस्त 2023 तक आवेदन पत्र जमा किए जा सकते हैं।

तीर्थदर्शन यात्रा 18 अगस्त से 21 अगस्त 2023 तक कुल 4 दिवस की यात्रा होगी। तीर्थ यात्रियों के स्टेशन ले जाने एवं वापिस लाने के लिए प्रोटोकॉल द्वारा व्यवस्था की जाएगी। यात्री अपने साथ मौसम के अनुरूप व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री आदि साथ में रखेगें। साथ ही विशिष्ट सुविधाओं का लाभ प्राप्त करता है तो वह स्वयं वहन करेगा। यात्रीगणों को अपने साथ आधार कार्ड, परिचय पत्र एवं कोविड वे सीनेशन प्रमाण पत्र मूल में, छायाप्रति साथ में रखना आवश्यक होगा। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, कोविड वै सीनेशन सर्टिफिकेट, मूल निवास प्रमाण-पत्र, मोबाईल नंबर तथा दो फोटो आवश्यक होगा।

## जिला चिकित्सालय के पोषण पुर्नवास केन्द्र 15 सेम बच्चे भर्ती एवं 5 बच्चे डिस्चार्ज हुए

मंडला यशोः-मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेम बच्चे 1 माह से 5 वर्ष तक के पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती होकर पोषण प्राप्त करना, बीमार बच्चों का डॉ टर की देखरेख में इलाज किया जाता है। इस दौरान बच्चे के स्वास्थ्य एवं वृद्धि विकास की निगरानी की जाती हैं। 14 दिन बाद बच्चे को डिस्चार्ज किया जाता है। मां को सहयोग राशि प्रोत्साहन के रूप में प्रतिदिन 120 रूपये के हिसाब से शासन द्वारा दी जाती है एवं समय-समय पर फॉलोअप के लिए बुलाया भी जाता है। इसी तारत य में पोषण पुर्नवास केन्द्र मण्डला में 13 जुलाई 2023 से 19 जुलाई 2023 तक 15 बच्चे भर्ती हुए।

**5 बच्चे स्वस्थ होकर लौटे अपने घर**

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जुलाई से 18 जुलाई तक आयुष पिता राहुल मरावी, रिषभ पिता संतराम पंद्रो, गनेषनी पिता मिथलेश भारतीया, प्रतीक पिता प्रमोद कछवाहा एवं शिवांश पिता शुभम स्वस्थ होकर अपने घर गए।

## असाधारण प्रतिभाशाली और बहादुर बच्चे होंगे पुरूस्कृत

मंडला यशोः- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट असाधारण प्रतिभाशाली एवं बहादुर बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु आवेदन अमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में असाधारण प्रतिभा संपन्न बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में जैसे नवीन अविष्कार, असाधारण शैक्षणिक योग्यता, उत्कृष्ट कला, खेलकूद, सांस्कृतिक क्षेत्र, सामाजिक सेवा एवं बहादुरी के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिये प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार में चयनित प्रतिभाशाली बच्चे को एक लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर स मानित किया जाएगा। ऐसे बच्चे जिन्होंने दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी के निस्वार्थ कार्य किए और असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले छोटे बच्चों को स मानित किया है। खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और सृस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक और दृश्यमान प्रभाव डाला है, जो राष्ट्रीय स्तर पर उचित मान्यता के पात्र हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रोहित बड़कुल द्वारा बताया गया कि चयनित बालकों को यह पुरस्कार जनवरी माह में आयोजित विशिष्ट समारोह द्वारा दिया जाएगा। इस पुरस्कार के लिये आवेदक अपना आवेदन 31 अगस्त 2023 से पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन कर सकते है। विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट या महिला एवं बाल विकास कार्यालय जिला पंचायत परिसर द्वितीय तल से प्राप्त की जा सकती है।

# चित्रकला कार्यशाला में कलाकारी करने उमड़ रहे कला प्रेमी

**दो दिवसीय समयाव में अपनी रचना प्रस्तुत करेंगे नामचीन साहित्यकार**

**रजा स्मृति के अंतर्गत हो रहे है विभिन्न आयोजन**



मंडला यशोः- विश्व वि यात चित्रकार सैयद हैदर रजा की पुण्यतिथि को रजा स्मृति के रूप में मनाया जा रहा है। रजा स्मृति के अंतर्गत बुधवार की शाम मंडला कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने 21 गोंड कलाकारों के चित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। गुरुवार की सुबह जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ संजय कुशराम ने चित्रकला कार्यशाला, छाते पर रंग और माटी पर रंग कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉ. संजय कुशराम ने गमले पर हाथ आजमाते हुए शानदार पेंटिंग भी की। यह कार्यशाला शुक्रवार - शनिवार की सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रजा कला वीथिका में चलेगी। शुक्रवार - शनिवार को ही दो दिवसीय समवाय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, इसमें देश के प्रसिद्ध साहित्यकार व कवि अपनी रचना प्रस्तुत करेंगे।

रजा स्मृति में आयोजित चित्रकला कार्यशाला में बड़ी सं या में लोग अपनी सहभागिता दर्ज कराती नजर आए। इसमें हर उम्र और वर्ग के लोगों ने ड्राइंग शीट पर अपनी कल्पना को साकार रूप देने की कोशिश की। इसी तरह छाता पेंटिंग में भी खासा उत्साह देखा गया। इसमें बड़ी सं या में महिलाओं ने छातों में आकर्षक चित्रकारी की। लोग मिट्टी के चाक पर भी कारीगरी करने को लेकर काफी उत्सुक नजर आए। उन्होंने चाक पर मिट्टी की कई चीजें बनाई। रजा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने बताया कि रजा साहब के मंडला में सुपुर्द ए खाक होने के बाद रजा फाउंडेशन द्वारा मंडला को कला का केंद्र बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में रजा उत्सव, रजा स्मृति और आरंभ मंडला की सीरीज का आयोजन किया जाता रहा है। 1 मई से लगातार रजा कला वीथिका में पेंटिंग और कत्थक की वर्कशॉप चल रही है जिसमें काफी उत्साहवर्धक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

रजा स्मृति में आयोजित चित्रकला कार्यशाला में शामिल होने पहुंची रीवा की शिखा अग्रवाल ने बताया कि मैं अपने मायके ब हनी बंजर आई हुई थी। मुझे रजा स्मृति के बारे में जानकारी लगी तो मैं भी अपने बहतिजे लव के साथ इसमें शामिल होने पहुंची। मुझे यहां आकर काफी अच्छा लगा। यहां हर उम्र और हर वर्ग के लोग एक साथ मिल बैठकर चित्रकारी कर रहे है। इससे कला को लेकर काफी अच्छा माहौल बन रहा है। मैंने भी छाता पेंट किया और मिटटी के दिए बनाए। मेरा इस कार्यक्रम में शामिल होने का पहला अनुभव काफी बढ़िया यादगार रहा। अच्छा लगा कि हमारे मंडला में इस तरह के बढ़िया आयोजन हो रहे है। अनीता तिवारी ने कहा कि जब से मंडला में रजा फाउंडेशन की गतिविधियां शुरू हुई है तब से ही मैं इसमें शामिल होते आ रही हूं। इस कार्यक्रमों का हमे वर्ष भर इन्तिजार रहता है, जब हमे अपने अंदर छुपे कलाकार को जानने - समझने का मौका मिलता है।

## नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

मंडला यशोः- विशेष न्यायाधीश (पॉ सो) जिला मण्डला द्वारा आरोपी मानसिंह पिता जहरसिंह पन्द्रे, उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बरगांव, थाना मवई जिला मंडला को धारा 5एल/6 पॉ सो ऐ ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं कुल 4000/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, अभियो त्री के पिता ने दिनांक 03.07.2020 को थाना मवई में उसकी पुत्री अभियो त्री दिनांक 02.07.2020 को स्कूल से अंकसूची लेने के लिये मवई जाने का कहकर गई एवं वापस नहीं आई, रिश्तेदार की लड़की ने बताया कि अभियो त्री ग्राम बरगांव के मानसिंह पन्द्रें के साथ जाते हुये दिखी है। उसे शंका है कि उसकी नाबालिग पुत्री को मानसिंह पन्द्रे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर अपराध क्र.47/20 अन्तर्गत धारा 363 भा0द0स0 पंजीबद्ध किया गया। दिनांक 04.07.2020 को अभियो त्री को दस्तयाब किये जाने पर उसके द्वारा बताया गया कि अभियुक्त मानसिंह से पहचान होने के पर उनकी मोबाईल से बातचीत हो रही थी और अभियुक्त ने बोल रहा था कि वह उससे शादी करेगा, तो वह घर से अंकसूची लेने का कहकर दिनांक 02.07.2020 को सुबह करीब 10.05 बजे घर से निकली तथा करीब 10.30 बजे स्कूल मवई गई और करीब 11.00 बजे अभियुक्त स्कूल आया और अपने साथ बरगांव के जंगल सरई के पेड़ के नीचे उसके मना करने के बाद भी जबरदस्ती उसके साथ करीब 7-8 बार गलत काम (बलात्कार) किया। दिनांक 03.07.2023 को सुबह करीब 11.00 बजे वह और अभियुक्त उसके घर गये थे तथा अभियुक्त उसे उसके गांव तक छोड़ने आया था और फिर से अपने साथ ले गया था, तब मवई पुलिस एवं अभियुक्त के परिवार के लोग उन दोनों को थाना मवई लेकर आये थे, तब उसने घटना के बारे में अपने माता-पिता को बताया था। उक्त कथन के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध धारा 363,366ए, 376(2)(एन), 376(3) भा0द0स0 एवं 5एल/6 पॉ सो ऐ ट के अपराध पंजीबद्ध कर मामले की संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुयें विचारण उपरांत माननीय विषेष न्यायाधीष (पॉ सो) जिला मण्डला द्वारा आरोपी मानसिंह पिता जहरसिंह पन्द्रे, उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बरगांव, थाना मवई जिला मंडला को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रतिभा तारन के द्वारा की गई है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297